<u>*प्रेस विज्ञप्ति*</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण</u>

पंतनगर। 24 सितम्बर 2025। पंतनगर विश्वविद्यालय एवं भारतीय मानक ब्यूरो के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत विश्वविद्यालय के बी.आई.एस. मैकेनिकल इंजीनियरिग चैप्टर के विद्यार्थियों ने सिडकुल, रूद्रपुर स्थित वोल्टाज इंडस्ट्रीज में एक–दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। वोल्टाज इंडस्ट्रीज के इंजीनियर्स द्वारा छात्रों को इंडस्ट्री में उपयोग होने वाली टेक्नोलॉजी से अवगत कराया गया एवं भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानको का अपनी इंडस्ट्री में अनुपालन के बारे में भी अवगत कराया। छात्रों के साथ उनके मेनटर्स के रूप में डा. नीरज बिष्ट एवं डा. ए.के. प्रतिहार उपस्थित थे। भरतीय मानक ब्यूरो पंतनगर संस्करण के चेयर प्रोफेसर डा. एस.बी. सिंह के निर्देशन में यह भ्रमण सम्पन्न हुआ। डा. एस.बी. सिंह ने बताया कि 17 बी.आई.एस. स्टूडेन्ट चैप्टर्स औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रमों की श्रखला के अर्न्तगत इस शैक्षणिक सत्र में बी.आई.एस. मैकेनिकल इंजीनियरिंग चैप्टर के छात्रों का यह प्रथम भ्रमण है।

